पाठ्यक्रम (2020-21)

विषय: हिन्दी (द्वितीय भाषा)

समय: 3 घंटे कक्षाः छठी

विषय वस्तु

भाग-क: बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न

(i) व्याकरण भाग : पर्यायवाची शब्द , शब्द-शुद्धि,संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, कारक की पहचान, 'र' के विभिन्न रूप

(ii) पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में से अति लघूत्तर प्रश्न

भाग-ख अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न

लिंग बदलो, वचन बदलो, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, विपरीत शब्द, नए शब्द बनाएं , विराम चिह्न, मुहावरे एवं लोकोक्तियां

पंजाबी शब्दों का हिंदी में अनुवाद , शब्द अर्थ

भाग-ग पाठ्य पुस्तक की विषय वस्तु से सम्बंधित प्रश्न

कविता लेखन

शब्द अर्थ

पाठ्यपुस्तक के अभ्यासों में से अति लघूत्तर प्रश्न

पाठ्यपुस्तक के अभ्यासों में से निबन्धात्मक प्रश्न

भाग-घ रचनात्मक लेखन

पत्र / प्रार्थना पत्र

निबन्ध लेखन

कहानी लेखन

भाग-ङ मुहावरे एवं लोकोक्तियां

भाग-च अनुवाद

पंजाबी शब्दों का हिंदी में अनुवाद

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्य पुस्तक

आओ हिंदी सीखें-6

Scanned with CamScanner

प्रश्न-पत्र की रूपरेखा

विषय: हिन्दी (द्वितीय भाषा)

समय: 3 घंटे

कक्षाः छठी

- प्रश्न-पत्र के छह भाग (क से च तक) होंगे।
- प्रश्न-पत्र में कुल 11 प्रश्न होंगे।
- सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।

भाग-क: बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न

(i) व्याकरण भाग : पर्यायवाची शब्द , शब्द-शुद्धि, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, कारक की पहचान, ' र ' के विभिन्न रूप - इन सात उपविषयों से प्रत्येक में से 1-1 नम्बर वाले दो-दो बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे अर्थात 14 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा।

(il) पाठ्य पुस्तक : पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में से चार अति लघूत्तर प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा।

भाग-खः अन्य वस्तुनिष्ट प्रश्न

नोटः भाग 'ख' के अन्तर्गत एक शब्द से एक वाक्य तक के उत्तर वाले अथवा हाँ / नहीं अथवा रिक्त स्थानों की पूर्ति अथवा सही / गलत अथवा अथवा मिलान कीजिए किसी भी प्रकार के हो सकते हैं। प्रश्न पत्र निर्माता इनमें से किसी भी प्रकार से निम्नलिखित अनुसार यथोचित प्रश्न पूछ सकता हैः

प्रश्न-2 में (i) से (ix) लिंग बदलो, वचन बदलो, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, विपरीत शब्द, नए शब्द बनाएं , विराम चिह्न, मुहावरे एवं लोकोक्तियां, पंजाबी शब्दों का हिंदी में अनुवाद , शब्द अर्थ में से 2-2 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा।

Scanned with CamScanner

भाग-ग पाठ्य पुस्तक की विषय वस्तु से सम्बंधित प्रश्न

प्रश्न-3 पाठ्य पुस्तक में संकलित 'कविता भाग' में से विद्यार्थी को अपनी रूचि के अनुसार किसी एक कविता की तीन चार पांच पंक्तियाँ लिखने के लिए कहा जाएगा।

प्रश्न-4 पाठ्य पुस्तक में से पाँच कठिन शब्द देकर उनमें से तीन के अर्थ लिखने के लिए कहा जाएगा।

प्रश्न-5 पाठ्य पुस्तक में से सात अति लघुत्तर प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग एक-दो पंक्तियों में लिखने के लिये कहा जाएगा।

प्रश्न-6 पाठ्य पुस्तक में से निबन्धात्मक प्रश्नों में से पाँच निबन्धात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग चार-पाँच पंक्तियों में लिखनो के लिये कहा जाएगा।

भाग-घ (रचनात्मक लेखन)

प्रश्न-7 यह प्रश्न पत्र लेखन से सम्बन्धित होगा। इसमें 100% आन्तरिक विकल्प दिया जाएगा।

प्रार्थना पत्र / पत्र (औपचारिक पत्र)

1.बीमारी के कारण स्कूल के मुख्याध्यापक से छुट्टी लेने के लिए प्रार्थना पत्र ।

2.उचित कारण देते हुए सेक्शन बदलने के स्कूल के प्रिंसिपल को लेने के लिए प्रार्थना पत्र।

3. आपके मुख्याध्यापक ने आपको स्कूल के बगीचे से फूल तोड़ते हुए देख लिया है, इस गलती के लिए उनसे क्षमा याचना करते हुए प्रार्थना पत्र ।

4. ज़रूरी काम के कारण अवकाश लेने के लिए स्कूल के मुख्याध्यापक को प्रार्थना पत्र ।

5. जुर्माना माफी के लिए स्कूल की मुख्याध्यापिका को प्रार्थना पत्र

Scanned with CamScanner

प्रश्न-8 यह प्रश्न निबन्ध-लेखन से सम्बन्धित होगा। कोई तीन विषय देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में निबन्ध लिखने के लिए कहा जाएगा ।

निबन्ध : मेरा परिचय , मेरा स्कूल, मेरा गाँव/शहर, दशहरा, गुरु नानक देव, स्वच्छता अभियान

कहानी लेखन: प्रश्न-9 यह कहानी लेखन से सम्बन्धित होगा। इसमें 100% आन्तरिक विकल्प दिया जाएगा।

कहानी रचना : लालची कुत्ता , प्यासा कौआ , चालाक लोमड़ी , एकता में बल है ,ईमानदार लकड़हारा

भाग- ङ मुहावरे एवं लोकोक्तियां

प्रश्न-10 यह प्रश्न मुहावरे एवं लोकोक्तियों से सम्बन्धित होगा। पाँच मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ देकर उनमें से किन्हीं तीन मुहावरे एवं लोकोक्तियों के वाक्यों में अर्थ स्पष्ट करने के लिये कहा जाएगा।

भाग-च (अनुवाद)

प्रश्न-11 इस प्रश्न में पंजाबी के छह शब्द देकर उनमें से किन्हीं चार का हिंदी में अनुवाद करने के लिये कहा जाएगा।

Scanned with CamScanner